Regd. N0. 185

Haryana College Teachers' Association

(Affiliated to AIFUCTO)
website: www.hcta.in

Dr. Narender Chahar
President
Vaish College, Bhiwani
Mob. 098133-26900
Email: narenderchahar11@gmail.com

Dr. S.P. Singh Sidhu
General Secretary
M.M. (P.G.) College, Fatehabad
Mob. 9354825103
Email: dspsidhu@gmail.com

Ref. No. HCTA/05/2018 For Circulation Among HCTA Unit Members Date 31/05/2018.

आदरणीय दोस्तो।

हरियाणा राजकीय कॉलेज टीचर्स एसोसिएशन (एचजीसीटीए) और हरियाणा कॉलेज टीचर्स एसोसिएशन (एचसीटीए) कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय में नकलरहित परीक्षा, गुणात्मक मूल्यांकन और अगला समैस्टर शुरू होने से पहले रिजल्ट घोषित करवाने व अन्य सुधारों के लिए संघर्षरत हैं।

साथियो! हम नि:स्वार्थ भाव से कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय की परीक्षा व्यवस्था को बचाने के लिए लगातार कु.वि. प्रशासन से अपील कर रहे हैं। लेकिन खेद का विषय है कि अभी तक प्रशासन ने कोई सकारात्मक पहलकदमी नहीं की है। लेकिन हम अपने इस संघर्ष को तार्किक परिणाम तक अवश्य पहुंचाएंगे। कुलपति को हमसे बात करनी ही होगी। आज एसोसिएशन ने कुछ निर्णय लिए हैं। सबसे पहले तो एसोसिएशन 11 मई को कुरुक्षेत्र रोष प्रदर्शन में सैंकड़ों की संख्या में शामिल होने और उसके बाद कु.वि. मूल्यांकन कार्य के बहिष्कार को लागू करने के लिए सभी शिक्षक साथियों का आभार प्रकट करती है।

विद्यार्थियों के हितों को ध्यान में रखते हुए यह निर्णय हुआ है कि 1 जून से शिक्षक अंतिम वर्ष के पेपरों का मूल्यांकन कार्य शुरू करेंगे। लेकिन बाकी कक्षाओं के मूल्यांकन कार्य का बहिष्कार यथावत जारी रहेगा। आज हमने महामहिम राज्यपाल, मुख्यमंत्री, शिक्षा मंत्री, प्रधान सचिव, उच्चतर शिक्षा विभाग व महानिदेशक, उच्चतर शिक्षा विभाग हरियाणा को भी तुरंत हस्तक्षेप करने के लिए पत्र लिख दिए हैं। कुलपति महोदय को भी बातचीत की अपील की है। साथ ही दोनों संगठनों की कु.वि. से संबद्ध सभी राजकीय व एडिड कॉलेजों के प्राचार्यों से भी शिक्षकों के इस संघर्ष में साथ देने की अपील है।

क्रांतिकारी अभिवादन के साथ

शिक्षक एकता जिंदाबाद।

एच॰सी॰टी॰ए॰ जिंदाबाद।

डा0 सुरेन्द्र पाल सिंह सिधू

महासचिव,

हरियाणा कॉलेज टीचर्स एसोसिएशन